हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 24 दिसंबर 2025
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

14 बंद के दौरान शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण...



14 जपं कोयलीबेड़ा में 136 परिवारों को मिली पक्के मकान की...



## आयोग ने कहा- मतदाताओं को ऑनलाइन जांच करने व सुधार का प्रावधान

# मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन नाम छूटा या कटा तो न घबराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव मतदाता सूची होती है। इसी नींव को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया गया,

■ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी दी गई मतदाता सूची

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान अब सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। 23 दिसंबर को जिले की अद्यतन मतदाता सूची का औपचारिक रूप से प्रकाशन कर दिया गया है। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी नीलेश महादेव क्षीरसागर ने मीडिया एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से संवाद करते हुए मतदाताओं को राहत भरा संदेश दिया और स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं हो पाया है या किसी कारणवश उसका नाम मतदाता सूची से कट गया है, तो उसे चिंता करने की जरूरत नहीं है। 23 दिसंबर को मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद प्रत्येक मतदाता अपनी स्थिति स्वयं जांच सकता है। इस बार निर्वाचन आयोग ने पारदर्शिता और सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मतदाता सूची को भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया गया है, जहां से मतदाता अपने नाम, व्यक्तिगत विवरण और मतदान केंद्र की जानकारी आसानी से ऑनलाइन देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि जैसे नाम की स्पेलिंग, पता, उम्र या अन्य विवरण में गलती पाई जाती है, तो उसके सुधार के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन करने पर संबंधित विवरण में आवश्यक संशोधन किया जाएगा। वहीं, यदि किसी पात्र नागरिक का नाम तो वह 23 दिसंबर के बाद घोषणा पत्र के साथ ई-फॉर्म 6 भरकर आवेदन कर सकता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से पात्र मतदाता का नाम पुनः मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के प्रकाशन के दिन ही सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक ⏭ शेष पेज 12 पर

### एसआईआर में 11,375 'नॉटमैप्ड' इलेक्टर्स पाए गए

जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि एसआईआर के दौरान कुल 11 हजार 375 नॉटमैप्ड इलेक्टर पाए गए जिनकी संख्या कुल निर्वाचक नामावली के 02 प्रतिशत हैं। इनमें नॉटमैप्ड इलेक्टर्स की संख्या अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 06 हजार 386, भानुप्रतापपुर में 02 हजार 245 तथा कांकेर विधानसभा क्षेत्र में 02 हजार 744 हैं। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार उक्त 11 हजार 375 'नो मैपिंग इलेक्टर्स' को नोटिस जारी किया जाएगा।

### दावा-आपत्ति 22 जनवरी तक आमंत्रित

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचक नामावली के आज प्रारंभिक प्रकाशन के उपरांत दावा-आपत्तियां 22 जनवरी तक आमंत्रित की गई है। प्रारंभिक सूची में सम्मिलित मतदाता दावा एवं आपत्ति 22 जनवरी 2026 तक प्रस्तुत कर सकेंगे। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचक नामावली की प्रारंभिक सूची में जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-79, भानुप्रतापपुर क्रमांक-80 तथा कांकेर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-81 (सभी अजजा) में कुल 05 लाख 35 हजार 364 मतदाताओं के नाम सम्मिलित हैं। इनमें 02 लाख 63 हजार 037 पुरूष मतदाता, 02 लाख 72 हजार 318 महिला मतदाता और 09 अन्य (थर्ड जेंडर) मतदाता शामिल हैं। अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 01 लाख 66 हजार 923 मतदाता, भानुप्रतापपुर में 01 लाख 94 हजार 415 तथा कांकेर विधानसभा क्षेत्र में 01 लाख 74 हजार 026 मतदाताओं के नाम प्रारंभिक सूची में दर्ज किया गया है। उन्हांने यह भी बताया कि प्रारंभिक प्रकाशन के पूर्व जिले में कुल 05 लाख 69 हजार 601 मतदाताओं के नाम दर्ज थे, जिनमें 02 लाख 77 हजार 317 पुरूष मतदाता, 02 लाख 92 हजार 284 महिला मतदाता तथा 18 अन्य (थर्ड जेंडर) मतदाता शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### नारायणपुर, कोंडागांव और कांकेर के विभाग संयोजक का दायित्व आदित्य को





**कांकेर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ प्रदेश का 3 दिवसीय प्रदेश अधिवेशन 19 दिसंबर से भिलाई में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में संगठनात्मक विषयों पर व्यापक चर्चा के साथ आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई। घोषित नवीन दायित्वों के अंतर्गत नारायणपुर, कोंडागांव एवं कांकेर के विभाग संयोजक का दायित्व आदित्य मिश्रा को सौंपा गया। वहीं जिला संयोजक के रूप में रिषिक तिवारी को दायित्व प्रदान किया गया। इसके साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में हर्ष सिन्हा, संतोषी शोरी, ओमकृष्ण जैन एवं लक्ष्मी यादव को दायित्व दिया गया।

### अपर कलेक्टर और तहसीलदार हटाए गए

**कांकेर।** धर्मांतरण विवाद को लेकर मंगलवार को प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। कांकेर कलेक्टर कार्यालय से आदेश जारी होने के बाद अंतागढ़ के अपर कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी अंजोर सिंह पैकरा को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। उन्हें जिला कार्यालय भेज दिया गया है। अंतागढ़ में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व ) का प्रभार डिप्टी कलेक्टर राहुल रजक को सौंप दिया गया है। वहीं, तहसीलदार सुधीर कुमार खलको को भी हटाते हुए उन्हें जिला नजूल शाखा में पदस्थ कर दिया गया है। आमाबेड़ा तहसीलदार का संपूर्ण प्रभार कुणाल सरवैया को सौंपा गया है।

### दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव आज से

**कांकेर।** जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन 24 एवं 25 दिसंबर को नरहरदेव पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के खेल परिसर में किया जाएगा। समापन दिवस के दौरान 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअली तौर पर संबोधित भी किया जाएगा।

### गंभीर चोट आने से युवक की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत धनतुलसी निवासी 15 वर्षीय दिपेश कुमार का इलाज के दौरान 22 अक्टूबर को इलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए रायपुर के डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती किया गया था। चोट गंभीर होने के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बुजुर्ग ने अस्पताल में तोड़ा दम, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कोरर निवासी 62 वर्षीय रामसिंग कोमरा का इलाज के दौरान 20 अक्टूबर को मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक का स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### चेमल में 26 को होने वाला शिविर स्थगित

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के दुर्गुकोंदल विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चेमल के स्कूल ग्राउंड में 26 दिसंबर को आयोजित होने वाला था। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

## कांकेर पुलिस की कमान निखिल राखेचा के हाथ, नए एसपी ने संभाला कार्यभार




हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

2019 बैच के आईपीएस अधिकारी निखिल राखेचा ने कांकेर के पुलिस अधीक्षक के रूप में अपना कार्यभार 23 दिसंबर को विधिवत संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जिले की कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा किया और अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया।

■ जिले की कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा किया

कार्यभार संभालते ही पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने कहा कि जिले में कानून - व्यवस्था बनाए रखना, आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। नवपदस्थ एसपी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने, अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था सुधार तथा आम नागरिकों से बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ाना आवश्यक है, ताकि जिले में शांति और सुरक्षा का माहौल बना रहे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा 22 दिसंबर को जारी किए गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत निखिल राखेचा को कांकेर जिले की जिम्मेदारी सौंपी ⏭ शेष पेज 12 पर

## बांसला की पहाड़ियों में धूप सेंकते नजर आ रहे दो तेंदुए, इलाके में दहशत का माहौल





हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

वन परिक्षेत्र भानुप्रतापपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम बांसला में इन दिनों वन्यजीवों की दस्तक से ग्रामीण दहशत के साए में जीने को मजबूर हैं। कड़ाके कि ठंड शुरू होते ही गांव से सटी पहाड़ी पर तेंदुए दिखाई दे रहे हैं। पहाड़ी के पत्थरों पर सुबह-सुबह दो तेंदुए एक साथ धूप सेंकते हुए नजर आते हैं, जिसका वीडियो और तस्वीरें भी सामने आ रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यह दोनो तेंदुए पिछले काफी समय से बांसला की पहाड़ी को अपना ठिकाना बनाए हुए हैं। अब तक इन्होंने कई पालतू पशुओं और मवेशियों को अपना शिकार बनाया है। राहत की बात केवल इतनी है कि अब तक किसी इंसान पर हमला नहीं हुआ है, लेकिन तेंदुए की सक्रियता जिस तरह बढ़ी है, उससे किसी बड़ी अनहोनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। पिछले कुछ दिनों से पहाड़ी पर स्थित मंदिर के पास लगातार तेंदुए देखे जा रहे हैं। रात होते ही भोजन की तलाश में ये वन्यजीव गांव के भीतर तक घुस रहे हैं। कई बार तेंदुओं को बाड़ियों और घरों के भीतर घुसकर मुर्गियों का शिकार करते हुए भी देखा गया है। गांव की गलियों में तेंदुएं की मौजूदगी ने लोगों की रातों की नींद उड़ा दी है। तेंदुओं की लगातार मौजूदगी कि जानकारी के बाद भी वन विभाग द्वारा अब तक सुरक्षा के कोई ठोस उपाय नहीं किए गए हैं। गांव वालों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों कि मांग है कि वन विभाग तत्काल ⏭ शेष पेज 12 पर



## परीक्षाओं के कारण आंदोलन में शामिल नहीं होंगे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

विभिन्न लंबित मांगों को लेकर शासकीय अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन द्वारा 29 से 31 दिसंबर तक

■ छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए लिया निर्णय

प्रस्तावित आंदोलन एवं हड़ताल के संबंध में सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई कांकेर ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। फेडरेशन ने इस आंदोलन को सिर्फ नैतिक समर्थन देने की घोषणा की है, जबकि प्रत्यक्ष रूप से आंदोलन अथवा हड़ताल में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया है।

जिला अध्यक्ष निर्भय कोवाची ने बताया कि सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों की जायज मांगों के प्रति पूरी संवेदना रखता है और उनके संघर्ष को नैतिक समर्थन देता है। शिक्षकों को भी कई समस्याओं और मांगों का सामना करना पड़ रहा है, जिन्हें लेकर समय-समय पर शासन का ध्यान आकृष्ट कराया जाता रहा है। हालांकि, फेडरेशन ने यह निर्णय छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए लिया है। वर्तमान समय में विद्यालयों में आगामी परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। ऐसे में यदि शिक्षक हड़ताल में शामिल होते हैं, तो इसका सीधा प्रभाव विद्यार्थियों की पढ़ाई, मूल्यांकन एवं परीक्षा व्यवस्था पर पड़ेगा। इसे ध्यान में रखते हुए सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई कांकेर ने आंदोलन में भाग न लेने का निर्णय लिया है। यह निर्णय किसी भी रूप में शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के आंदोलन के विरोध में नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के भविष्य और शैक्षणिक हितों ⏭ शेष पेज 12 पर

## धान लिमिट नहीं बढ़ाने व अन्य समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक दुग्गा धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

प्रदेश भर में धान खरीदी कि अव्यवस्था को लेकर किसानों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। रकबा घटने, एग्री स्टिक की त्रुटियां,

■ तहसीली के सामने स्वयं चटाई बिछाकर बैठ गए

■ स्वयं भी धान बेचने को लेकर हैं परेशान

खरीदी लिमिट और टोकन जारी न होने के कारण किसान अपनी उपज नहीं बेच पा रहे हैं। इसी कड़ी में पूर्व विधायक एवं पूर्व अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष देवलाल दुग्गा ने किसानों कि समस्याओं को लेकर दुर्गुकोंदल पहुंचे और तहसील कार्यालय के सामने स्वयं चटाई बिछाकर धरने पर बैठ गए।

पूर्व विधायक करीब एक घंटे तक धरना प्रदर्शन किया और शासन-प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में धान खरीदी की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। किसान एग्री स्टिक, खरीदी लिमिट और टोकन के कारण परेशान हैं और तहसील कार्यालय, धान खरीदी केंद्र, पटवारी तथा लैंपस कार्यालय के लगातार चक्कर काटने को मजबूर हैं। इसके बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। धरना के दौरान पूर्व विधायक ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के कार्यकाल की सराहना और वर्तमान छत्तीसगढ़ सरकार और केंद्र सरकार की नीतियों की तीखी आलोचना किया। मोदी कि गारंटी की बात की जाती है, लेकिन छत्तीसगढ़ में वह गारंटी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। स्वयं भी धान बेचने में परेशान हैं। उनका रकबा कम दिखाया जा रहा है, खसरा नंबर नहीं जुड़ पा रहा है और टोकन जारी नहीं हो रही है। जब एक पूर्व विधायक और पूर्व आयोग अध्यक्ष की समस्या हल नहीं हो पा रही है, तो आम किसानों की स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन किसानों की समस्याओं के प्रति पूरी तरह उदासीन है। धरना समाप्त होने के बाद देवलाल दुग्गा अपने निवास लौट गए, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि यदि धान खरीदी की अव्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं हुआ, तो वे किसानों के साथ मिलकर आगे और बड़ा आंदोलन करेंगे।

### कांग्रेस नेता ने मिलाया सुर से सुर



भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा सरकार में किसान, नौजवान और कर्मचारी सभी त्रस्त हैं। उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किसानों की धान सबसे अधिक समर्थन मूल्य पर खरीदी गई, कर्ज माफी हुई और समय पर भुगतान किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वयं अपनी सरकार में धान नहीं बेच पा रहे हैं और धरना देने को मजबूर हैं, यह सरकार की नाकामी का सबसे बड़ा प्रमाण है। कांग्रेस किसानों के साथ खड़ी है और जरूरत पड़ी तो किसानों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।


### प्रशासन की सफाई, टोकन जल्द जारी होने का दावा

तहसीलदार कुलदीप ठाकुर ने बताया कि पूर्व विधायक की पत्नी की धान रकबा की एग्री स्टिक हो चुकी है, लेकिन खसरा नंबर नहीं जुड़ने के कारण टोकन जारी नहीं हो पा रहा था। अब रकबा एग्री स्टिक में जुड़ गया है और शीघ्र ही टोकन जारी हो जाएगी।

### हरिभूमि के कैलेंडर का विधायकों, भाजपा नेताओं ने किया विमोचन

# कैलेंडर घरों में लटका रहने वाला सूचनाओं का कैलेंडर नहीं, बल्कि घर का होगा सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर





हरिभूमि कैलेंडर कांकेर 2026 का विमोचन 23 दिसंबर को विधायक अंतागढ़ विक्रम उसेंडी, विधायक कांकेर आशाराम नेताम, भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप जायसवाल, राजीव लोचन सिंह, पार्षद हितेंद्र खटवानी और वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश बाजपेयी ने किया। उन्होंने कैलेंडर की तारीफ की और इसे लोगों के लिए उपयोगी बताया। अतिथियों ने कहा कि यह कैलेंडर लोगों के घरों में लटका रहने वाला सूचनाओं का कैलेंडर नहीं होगा, बल्कि घर का सदस्य होगा। विमोचन पर उपस्थित अतिथियों ने हरिभूमि के 2026 का कैलेंडर का विमोचन करते हुए कहा कि तारीखें बदलती गई, महीने बीतते गए, कैलेंडर पर साल नए चढ़ते गए, पर जो बदला नहीं, वह सेवा का हरिभूमि का भाव है। हरिभूमि टीम ने सबसे पहले कैलेंडर तैयार करके नए वर्ष के एक सप्ताह पहले विमोचन करवाकर शहरवासियों एवं ग्रामीणवासियों को निःशुल्क कैलेंडर उपलब्ध करवाएगा। हरिभूमि का यह कैलेंडर लोगों के घरों में लटका रहने वाला सूचनाओं का कैलेंडर नहीं होगा, बल्कि घर का सदस्य होगा। उन्होंने कहा कि लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उपयोगी कैलेंडर का विमोचन ⏭ शेष पेज 12 पर

### कैलेंडर, लोगों के लिए होगा उपयोगी

इस मौके पर हरिभूमि के ब्यूरो चीफ विजय कुमार पाण्डेय ने हरिभूमि के सभी उपभोक्ताओं को कैलेंडर 2026 की बधाइयां दीं और कहा कैलेंडर में सालभर के तीज-त्यौहार के अलावा अन्य कई जानकारियां उपलब्ध है, जो काम आती रहेंगी। कैलेंडर विमोचन के अवसर पर विज्ञापन प्रभारी विशाल आसवानी, पोखेंद्र साहू, प्रशांत पटेल उपस्थित रहें।

## विशेष ग्रामसभा में सर्वसम्मति से महेश बने माण्डाभर्री के ग्राम पटेल



**बासनवाही।** सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम माण्डाभर्री में आयोजित विशेष ग्राम सभा में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से महेश पाण्डेय को ग्राम पटेल के रूप में चुना गया। ग्राम पटेल गिरवर पांडे के निधन के पश्चात यह पद रिक्त हो गया था, जिसे भरने के लिए विधिवत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामवासियों ने स्व. गिरवर पाण्डेय के पुत्र महेश पाण्डेय के नाम पर अपनी सहमति जताते हुए उन्हें ग्राम पटेल बनाए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। ग्रामीणों का कहना था कि महेश पाण्डेय अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए ग्राम प्रशासन, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। चयन की घोषणा के बाद ग्राम में उत्साह का माहौल देखने को मिला। नव-नियुक्त ग्राम पटेल ने ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे तथा गांव के विकास, प्रशासनिक कार्यों और समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। विशेष ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम सभा अध्यक्ष तुलसीराम नेताम ने किया। इस अवसर पर सरपंच धनेश्वरी नेताम, उपसरपंच आत्माराम जैन, गायता पुजारी राधेश्याम, दिनेश पाण्डेय, मनीराम, धनसाय नाग, ईश्वर सिन्हा, श्रीराम नेताम, हगरु राम, सार्दुल ग्राम कोटवार सग्राम सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### अवैध लकड़ी परिवहन पर वन विभाग ने की कार्रवाई



**फरसगांव।** केशकाल वनमंडल अन्तर्गत वन विभाग के द्वारा वनों में अवैध कटाई व परिवहन एवं अवैध वनभूमि पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई कर रहे है। इसी क्रम में केशकाल वनमंडलाधिकारी दिव्या गौतम के निर्देश एवं उप वनमंडलाधिकारी फरसगांव एनके सिन्हा के मार्गदर्शन में फरसगांव वन परिक्षेत्र अधिकारी आरएस यादव के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने वन प्रबंधन समिति के सहयोग से सेमल लकडी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई किया गया।

### शिक्षक संघ की 24 व 26 दिसंबर को होगी बैठक

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की जिला बैठक 24 दिसंबर को बीआरसी कार्यालय भानुप्रतापपुर में और 26 दिसंबर को बीआरसी कार्यालय कांकेर में 12 बजे से आयोजित की गई है। भानुप्रतापपुर में होने वाली बैठक में अंतागढ़, दुर्गुकोंदल, कोयलीबेड़ा और भानुप्रतापपुर विकासखंड के पदाधिकारी, शिक्षक शामिल होंगे। उसी प्रकार कांकेर की होने वाली बैठक में विकासखंड नरहरपुर, चारामा और कांकेर के पदाधिकारी व शिक्षक शामिल होंगे।

### आपदा पीड़ित के वारिस को 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिस को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा कोण्डागांव तहसील के ग्राम बड़ेबेन्दरी निवासी पार्वती यादव की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पति पुरनलाल यादव, पुत्र दिलीप यादव, पुत्री लखमी यादव, प्रमिला यादव, सावित्री यादव को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिस के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

# कोंडागांव विधायक ने की शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

## स्वास्थ्य, शिक्षा, धान खरीदी और निर्माण कार्यों पर दिया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने शनिवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विधायक ने योजनाओं के जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया।

विधायक सुश्री उसेंडी ने स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता, आवश्यक जांच सुविधाएं और चिकित्सकीय उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। बैठक में धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए विधायक ने बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही राशन की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की भी जानकारी ली गई।

### बालिकाओं व विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच पर जोर

किशोरी बालिकाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों एवं स्कूली विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की स्थिति की समीक्षा करते हुए विधायक ने एक माह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, विद्यालय भवन निर्माण, बस्तर विकास प्राधिकरण एवं अन्य विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता के साथ समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।



### रोजगार, जल जीवन मिशन और श्रम योजनाओं की समीक्षा

विधायक ने कौशल विकास योजनाओं के तहत प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने तथा श्रम विभाग द्वारा शिविर आयोजित कर योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उत्सव : कनेरा रोड ऑडिटोरियम में हुआ भव्य आयोजन, 250 युवा कलाकार ले रहे भाग

# युवा आगे बढ़ें, मंच और अवसर दोनों खुले हैं : विधायक उसेंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- विधायक ने जिला स्तरीय युवा उत्सव का किया शुभारंभ

कनेरा रोड स्थित ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय युवा उत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी रहीं। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर उत्सव का उद्घाटन किया तथा प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

अपने संबोधन में विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि जिले के युवा ब्लॉक स्तर से आगे बढ़कर जिला स्तर तक पहुंचे हैं और उनमें राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक जाने की पूरी क्षमता है। उन्होंने कहा कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां युवाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाती हैं। युवाओं को अपनी रुचि के क्षेत्र में निरंतर मेहनत कर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

**ये रहे उपस्थित**–कार्यक्रम में मनोज जैन, दीपेश अरोरा, जितेंद्र सुराना, हिना श्रीवास्तव, सोनामणि पोयाम, सुश्री सुषमा खोब्रागड़े, लक्ष्मी ध्रुव, अभिनाश पांडे, खेम वैष्णव, टंकेश्वर पानिग्रही, राजेंद्र राव, वैंकटेश राव, ब्रिजेश तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, प्रतिभागी युवा एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### सरकार युवाओं को दे रही निरंतर मंच : नपाध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए निरंतर मंच उपलब्ध करा रही है। युवा उत्सव उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### 5 विकासखंडों से 250 कलाकार ले रहे हिस्सा

जिला खेल अधिकारी सुश्री सुधा कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय युवा उत्सव में जिले के 5 विकासखंडों से लगभग 250 कलाकार भाग ले रहे हैं। चयनित विजेता आगामी राज्य स्तरीय युवा उत्सव में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### विविध विधाओं में आयोजित हो रही प्रतियोगिताएं

युवा उत्सव के अंतर्गत लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुवा नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत, वाद–विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी, पारंपरिक नृत्य एवं रॉक बैंड जैसी विविध विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

# फरसगांव में करोड़ों की लागत के शैक्षणिक भवनों का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- शिक्षा सुविधाओं को मिलेगी नई मजबूती

केशकाल विधानसभा विधायक नीलकंठ टेकाम ने सोमवार को फरसगांव ब्लॉक अंतर्गत वर्षों से लंबित शैक्षणिक भवन निर्माण की मांगों को पूरा करते हुए करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाले विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किये, जिसमे ग्राम कुम्हारबड़गांव में स्वीकृत नवीन हाईस्कूल भवन, ग्राम हिर्री में स्वीकृत नवीन हायर सेकेंड्री स्कूल भवन और ग्राम शंकरपुर में स्वीकृत नवीन हायर सेकेंड्री स्कूल भवन का भूमिपूजन संपन्न किया गया।

भूमिपूजन अवसर पर विधायक नीलकंठ टेकाम ने अपने उद्बोधन में भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं शिक्षा क्षेत्र में हो रहे तेज विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन भवनों से ग्रामीण अंचल के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। इस दौरान प्रशांत पात्र, मूलचंद पांडे, लोकनाथ निषाद, धनराज पांडे, प्रवीण पाण्डे, प्रवीण राव हितेश साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एप आधारित टोकन व्यवस्था से किसानों को मिल रही बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- जिले में धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से जारी
- उपार्जन केंद्रों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
- अब तक 10 लाख क्विंटल से अधिक धान का उपार्जन

राज्य शासन की मंशानुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से जारी है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा धान खरीदी प्रक्रिया को सरल, किसान–हितैषी एवं तकनीक आधारित बनाया गया है, जिससे किसानों को अपनी उपज विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, आद्रता मापी यंत्र सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी उपार्जन केंद्रों की नियमित निगरानी की जा रही है, ताकि खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और किसानों को सही तौल एवं गुणवत्तापूर्ण खरीदी का लाभ मिल सके। खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की स्थिति में जिले के उपार्जन केंद्रों से अब तक 10 लाख 4 हजार 141 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक उपार्जन किया जा चुका है, जो जिले में धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था और किसानों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

### 67 केंद्रों में 1304 किसानों ने किया धान विक्रय

उन्होंने बताया कि आज जिले के 67 धान खरीदी केंद्रों में कुल 1304 किसानों ने धान का विक्रय किया, जिनमें से 818 किसानों ने मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर धान विक्रय किया।

### 24 घंटे ऑनलाइन टोकन से समय और मेहनत की बचत

राज्य सरकार द्वारा लागू 24 घंटे की ऑनलाइन टोकन व्यवस्था किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। इससे किसानों का समय बच रहा है, खरीदी केंद्रों पर अनावश्यक भीड़ कम हो रही है और पूरी व्यवस्था अधिक सुचारू बनी हुई है। बड़ी संख्या में किसानों द्वारा ऑनलाइन टोकन प्रणाली को अपनाना इस बात का प्रमाण है कि किसान डिजिटल सुविधाओं पर भरोसा कर रहे हैं।

# घर-घर जाकर बच्चों को पिलाई पोलिया की दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- 0 से 5 वर्ष के 76,188 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

जिले में 21 दिसंबर 2025 को पल्स पोलियो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 76,188 बच्चों को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला कलेक्टर सुश्री नूपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चर्तुवेदी के मार्गदर्शन में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रतीक चौधरी के नेतृत्व में अभियान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में कुल 779 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इन बूथों पर 1,559 स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कार्यक्रम के प्रभावी संचालन एवं निगरानी के लिए 83 पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं। छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए 6 ट्रांजिट टीम एवं 3 मोबाइल टीम का गठन किया गया है। ये टीमें बाजार, ईंट–भट्टों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी।

### तीन दिवसीय अभियान, घर–घर टीकाकरण

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि 21 दिसंबर को अभियान के प्रथम दिवस पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई गई। इसके बाद 22 एवं 23 दिसंबर को घर–घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए।

### जिला प्रशासन की नागरिकों से अपील

जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य ले जाकर पोलियो की दो बूंद पिलवाएं और जिले को बाल लकवा मुक्त बनाने में सहयोग करें।

# टाइप–1 डायबिटीज पीड़ित बच्चों के लिए पहली बार रोगी सहायता समूह बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



- बाल मधुमेह से जूझ रहे बच्चों व परिवारों को मिला चिकित्सकीय और भावनात्मक संबल
- उपचार, देखभाल और दैनिक जीवन पर विशेषज्ञों ने दी जानकारी

टाइप–1 डायबिटीज बाल मधुमेह से पीड़ित बच्चों एवं उनके परिवारों के लिए कोण्डागांव जिले में पहली बार विशेष रोगी सहायता समूह बैठक का आयोजन किया गया। यह पहल राज्य सेल, जिला स्वास्थ्य समिति कोण्डागांव, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ एवं एकम फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से संपन्न हुई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य टाइप–1 डायबिटीज से प्रभावित बच्चों व उनके परिजनों को सही चिकित्सकीय जानकारी, उपचार प्रबंधन, इंसुलिन उपयोग, पोषण, स्कूल में देखभाल एवं दैनिक सावधानियों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करना था। विशेषज्ञों ने बीमारी के कारण, लक्षण और नियमित उपचार के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में उपस्थित परिवारों ने अपनी चुनौतियां और अनुभव साझा किए। संवादात्मक चर्चा सत्र के माध्यम से अभिभावकों और बच्चों को प्रश्न पूछने और व्यावहारिक समाधान प्राप्त करने का अवसर मिला, जिससे आपसी सहयोग और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई।

**डॉक्टरों ने बच्चों को सकारात्मक सोच के लिए किया प्रेरित** –शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रूद्व कश्यप ने कहा कि टाइप – 1 डायबिटीज एक चुनौती जरूर है, लेकिन इससे जीवन को सीमित नहीं किया जा सकता। उन्होंने बच्चों को आत्मबल बनाए रखने और अपने सपनों की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**जागरूकता और सपोर्ट नेटवर्क की दिशा में अहम कदम**– विशेषज्ञों ने बताया कि टाइप–1 डायबिटीज के मामलों में वृद्धि हो रही है और जानकारी के अभाव में कई बार स्थिति गंभीर हो जाती है। ऐसे में यह बैठक बच्चों और परिवारों को जागरूक, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

**13 बच्चे एवं उनके परिवार हुए शामिल**– इस रोगी सहायता समूह बैठक में जिले के 13 टाइप–1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चे एवं उनके परिजन शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी, यूनिसेफ स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. गजेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी व चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में लिए गए फीडबैक में परिवारों ने बैठक को अत्यंत उपयोगी बताया और भविष्य में इस तरह की बैठकों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

# केंद्रीय गृह मंत्री के वक्तव्य को भाजपा मंडल सरोना ने डिजिटल माध्यम से सुना



**सरोना।** लोकसभा में मतदाता पुनरीक्षण विषय पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए स्पष्ट, तथ्यपरक एवं राष्ट्रहित में आधारित वक्तव्य को आज भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना के अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में डिजिटल माध्यम से मंडल के कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों को सामूहिक रूप से सुनवाया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर करना एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था की पारदर्शिता को जन-जन तक पहुँचाना रहा। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने वक्तव्य में मतदाता सूची की शुद्धता, निष्पक्षता एवं लोकतंत्र की मजबूती को लेकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को स्पष्ट शब्दों में रखा। मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण लोकतंत्र को सशक्त बनाने की एक आवश्यक प्रक्रिया है। गृह मंत्री का वक्तव्य प्रत्येक नागरिक को जागरूक करने वाला है। भाजपा सदैव पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था की पक्षधर रही है। डिजिटल माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### सांसद खेल महोत्सव के लिए नगर से 115 खिलाड़ी रवाना



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड से विभिन्न खेल विधाओं में चयनित कुल 115 प्रतिभागी खिलाड़ी जनपद पंचायत दुर्गुकोदल कार्यालय से जिला मुख्यालय एवं संसदीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुए। खिलाड़ियों की रवानगी के अवसर पर जनपद पंचायत परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले ब्लॉक स्तर और फिर विधानसभा स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन कर श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी अब सांसद खेल महोत्सव में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस तरह के आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं और युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करते हैं। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, कारोपण अधिकारी आरके किशोरे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

पेज 11 के शेष

### मतदाता सूची का...

दलों के प्रतिनिधियों को भी मतदाता सूची उपलब्ध कराई है, ताकि वे अपने स्तर पर सूची का सत्यापन कर सकें और आवश्यक सुझाव या आपत्तियां समय रहते प्रस्तुत कर सकें। इससे पूरी प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनेगी।

### कांकेर पुलिस की...

गई है। दिसंबर 2019 में उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा ज्वाइन की। प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षु अधिकारी के तौर पर महासमुंद जिले में थाने का प्रभार संभाला। इसके उपरांत भिलाई नगर में सीएसपी, नारायणपुर में एडिशनल एसपी, सुकमा में एडिशनल एसपी नक्सल ऑपरेशन के पद पर भी तैनात रहे। इसके उपरांत उन्होने गरियाबंद का पुलिस अधीक्षक बने और अब कांकेर जिला उनके लिए पुलिस अधीक्षक के रूप में दूसरा जिला होगा।

### बांसला की पहाड़ियो...

सक्रिय हो और पहाड़ी क्षेत्र में ही वन्यजीवों के लिए भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि वे रिहायशी इलाकों का रुख न करें। हम डरे हुए हैं, सुबह और शाम को घर से निकलना मुश्किल हो गया है। अगर समय रहते वन विभाग ने इन तेंदुओं को पकड़ने या खदेड़ने की पहल नहीं की, तो किसी ग्रामीण की जान जा सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग के उच्च अधिकारियों से अव्हान किया कि जल्द से जल्द गांव में गश्त बढ़ाई जाए और पिंजरा लगाकर या अन्य माध्यमों से तेंदुओं को सुरक्षित रिहायशी इलाके से दूर किया जाए।

### परीक्षाओं के कारण...

की रक्षा के उद्देश्य से लिया गया है। शिक्षक समाज हमेशा से अनुशासन, जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देता आया है और आगे भी देता रहेगा। फेडरेशन की ओर से यह भी कहा गया कि शिक्षकों की समस्याओं और मांगों को लेकर भविष्य में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से आवाज उठाई जाती रहेगी। इसके लिए शासन-प्रशासन से संवाद का रास्ता अपनाया जाएगा, ताकि शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुए बिना समाधान निकाला जा सके।

### कैलेंडर घरों में...

किया। वर्ष दर वर्ष हरिभूमि प्रगति करे और सकारात्मक पत्रकारिता में हरिभूमि अपनी भूमिका निभाता रहे। हरिभूमि हमेशा सराहनीय कार्य करता आ रहा है। कैलेंडर जनमानस के दैनिक जीवन का हिस्सा है। यह कैलेंडर नहीं पंचांग है। तीज त्यौहार, व्रत, योग और अन्य उपयोगी जानकारियां मौजूद हैं। इस कैलेंडर में तारीखों के पास बाकायदा पूरे तीज त्यौहार दिख रहे हैं। यह कैलेंडर लोगों के लिए महत्वपूर्ण होगा। कैलेंडर में हर महीने विशेष विषय शामिल है। हरिभूमि की टीम की कार्यशैली सदैव अलग रही है। आज गांव गांव में हरिभूमि की माँग लगातार बढ़ रही है।

**खबर संक्षेप**

## मानवता सामाजिक संस्था ने गरीबों को बांटे गरम कपड़े और सामान



**जगदलपुर।** मानवता सामाजिक संस्था ने रविवार को एकत्रित वस्त्रों व अन्य सामग्रियों का वितरण किया। संस्था के सदस्य विकास बरड़िया अशोक जैन, जगजीत सिंह तथा अवधेश शुक्ल ने ग्राम करंजी मे बच्चों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों की उपस्थिति में सामग्रियों का वितरण किया। इसमें सूती, गर्म वस्त्र सहित स्टेशनरी, खिलौने थे। चैतन्य कश्यप व रामलाल का विशेष सहयोग रहा।
इसी तारतम्य में तांडपाल मे भी वस्त्र वितरण पश्चात तारागांव, गरिया, मासापारा मे सामग्रियां वितरित की गयीं। कार्यक्रम सफल बनाने मे गुंडरुराम कश्यप तथा मुन्नालाल बघेल का विशेष योगदान रहा।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं को सुरक्षा देना जरूरी सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर।** शिव सेना ने बांगला देश में हो रहे हिन्दुओं पर अत्याचार का विरोध किया है । हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए विश्व मानव अधिकार के तहत अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर बांगला देश में कानून व्यवस्था बनाने पहल करने की मांग की गई है। बांगलादेश में हिन्दुओं को सुरक्षित रखा जा सके। जहां भारी आक्रोश देखा जा रहा है । प्रधानमंत्री से शिव सेना निवेदन करती है कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इस बात को रखे ताकि हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर अंकुश लगाने का प्रयत्न किया जा सके। इस संबंध में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को दिया गया है।

# विधायक किरण देव की पहल पर मिली 55 करोड़ के सड़कों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के नये आयाम स्थापित किए जा रहे है। प्रदेश सरकार के सुशासन की नीति के तहत विकास की रोशनी अब ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच रही है। विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं के सशक्तिकरण के साथ विकास की नई राह पर अग्रसर है। विधायक के प्रयास से क्षेत्र में सड़क, पुल, पुलिया निर्माण और संपर्क मार्गो को मिली स्वीकृति ने नई उम्मीद और विश्वास का संचार किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 55 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण कार्य की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुयी है। नगरनार, दरभा एवं नानगुर मंडल में 16 बहुप्रतीक्षित सड़को का निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमें तिरिया से पुलचा तक 14.5 किलोमीटर लागत 16 करोड़ 11 लाख , मुंड़ा गड़ रोड़ से टोटापारा तक 4.5 किलोमीटर लागत 4 करोड़ 74 लाख रुपए, कोलेंग से नेतानार तक 3.5 किलोमीटर लागत 3 करोड़ 14 लाख रुपए, 30 से जड़ीगुड़ा पारा मारकेल तक 1.5 किलोमीटर लागत 1 करोड़ 52 लाख रुपए, जमावाड़ा से काकरवाड़ा तक 2.50 किलोमीटर लागत 2 करोड़ 44 लाख रुपए, जामावाड़ा रोड़ से कसरीपारा जामिवाड़ा तक 2.2 किलोमीटर सड़क लागत 2 करोड़ रुपए, नेतानार स्कूल से चेचालगुर तक 2.76 किलोमीटर सड़क लागत 2 करोड़ 37 लाख रुपए, जीरा गांव रोड़ से खास पारा तक सड़क 2.5 किलोमीटर लागत 2 करोड़ 76 लाख रुपए, काकरवाड़ा रोड़ से पटेल पारा नवागुड़ा 2.24 किलोमीटर सड़क लागत 2 करोड़ 24 लाख रुपए, कोलेंग से साहूकापारा तक सड़क 2.6 किलोमीटर लागत 2 करोड़ 90 लाख रुपए। . छिंदावाड़ा से रामपाल तक सड़क निर्माण 2.18 किलोमीटर लागत 2 करोड़ 13 लाख रुपए, भाटागुड़ा रोड़ से सेड़वा तक 2.25 किलोमीटर लागत 2 करोड़ 25 लाख रुपए, लैण्डा अटल चौक से भाटागुड़ा टिकरापारा तक सड़क 3.46 किलोमीटर सड़क लागत 3 करोड़ 35 लाख रुपए, मारेगा बाइपास से पनारपारा तक सड़क निर्माण 1.95 किलोमीटर लागत 2 करोड़ 20 लाख रुपए, ग्राम पंचायत लैण्डा से मांझी गुड़ा पारा तक 2.35 किलोमीटर सड़क लागत 2 करोड़ 38 लाख रुपए, सुरंदवाड़ा से बड़ेबोदल तक 1.8 किलोमीटर सड़क लागत 1 करोड़ 85 लाख रुपए की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

### मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का माना आभार



#### विधायक ने माना सीएम और डीसीएम का आभार

जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के इन सड़कों के निर्माण कार्य से क्षेत्र के जनता के लिए आवागमन सुगम होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार एवं प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच मजबूत होगा। करोड़ों के प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत होने पर किरण देव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार मानते कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की दूरदर्शी, संवेदनशीलता और जनकल्याणकारी सोच का परिणाम है। सरकार का उद्धेश्य स्पष्ट है कि प्रदेश का कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित ना हो।

#### क्षेत्रवासियों की मांग पर कार्यो की स्वीकृति

किरण देव ने कहा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश का चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं। सड़कों की मांग वर्षो से क्षेत्रवासियों ने किया था। जिसपर जनमानस के मांग के अनुरूप राज्य शासन को पत्र लिखकर मांग रखा गया था। मांग को गंभीरता से लेकर शासन ने कार्यो की स्वीकृति प्रदान किया है।

### मामले में कांकेर एसपी, अंतागढ़ एसडीएम, तहसीलदार पर भी करें जांच

# बड़ेतेवड़ा गांव के घटना की उच्च स्तरीय स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच कराई जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांकेर जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र बड़ेतेवड़ा गांव की घटनाक्रम के उच्च स्तरीय, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। जनजातीय आस्था और परंपरा पर हमला करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही इस पूरी घटना में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने वाले जिला पुलिस अधीक्षक, अंतागढ़ एसडीएम, तहसीलदार पर भी जांच बिठाई जाए, ताकि इस पूरे घटनाक्रम में उनकी संदिग्ध भूमिका भी उजागर हो सके। यदि शासन-प्रशासन सर्व समाज के अधिकारों की एवं संस्कृति की रक्षा करने में असफल होता, तो समाज अपने अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर अदालत तक संघर्ष करने को बाध्य होगा। उक्त बातें मंगलवार को आयोजित पत्रवार्ता में सर्व समाज, बस्तर एवं जनजाति सुरक्षा मंच के विश्व हिंदू परिषद से विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी, विभाग सह मंत्री श्रीनिवास रेड्डी, जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, जिला मंत्री नवीन देवांगन, सर्व आदिवासी समाज से पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम, राजाराम तोड़ेम, दशरथ कश्यप, सर्व हिंदू समाज से अध्यक्ष धर्मचंद, सचिव रंजीत पांडे ने कही। पत्रवार्ता में भी विहिप मुन्ना कोरी, सन्नी रैली, विष्णु ठाकुर, अजय सिंह, तमिश नायडू, विक्रम ठाकुर व अन्य शामिल रहे।

उन्होंने कहा कि 15 दिसंबर को बड़ेतेवड़ा गांव निवासी चमरा राम सलाम की मृत्यु से जुड़ी है। मृतक का पुत्र राजमन सलाम, जो वर्तमान में गांव का सरपंच है, उसी रात लगभग 10 बजे शव को गांव लेकर पहुंचा। 16 दिसंबर की सुबह ग्राम समाज के परंपरागत पदाधिकारी एवं वरिष्ठ ग्रामीण शव के अंतिम संस्कार के विषय में चर्चा हेतु एकत्रित हुए। इस दौरान ग्राम सभा की अनुमति के बिना बाहरी व्यक्तियों, भीम आर्मी से जुड़े पदाधिकारी एवं पॉस्टर-पादरी की उपस्थिति पाई गई। ग्रामीणों द्वारा कहा गया कि गांव का श्मशान स्थल जनजातीय आस्था, पेन-पुरखा परंपरा एवं सामाजिक नियमों के अनुसार संचालित होता है और अंतिम संस्कार उसी विधि से किया जाना चाहिए। इसके बावजूद सरपंच श्री सलाम एवं उसके परिजनों द्वारा धमकीपूर्ण भाषा का प्रयोग करते हुए निजी भूमि में ईसाई रीति-रिवाज से शव दफन करने की घोषणा की गई, जिससे गांव में भय और तनाव का वातावरण उत्पन्न हुआ। सुबह लगभग 9 बजे पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे, पर उनके समझाने के बावजूद निजी भूमि में कब्र खोदने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई। पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की घटनाएं भी सामने आईं। इसके बाद भी शव को ईसाई रीति से निजी भूमि में दफन कर दिया गया, जो पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में ग्राम सभा और विधि-नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। घटना के पश्चात तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे, परंतु ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन को लेने से उनके द्वारा इंकार किया गया।




### निहत्थे ग्रामीणों पर किया हमला

साथ ही कहा कि 17 दिसंबर की सुबह प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन के विपरीत, कब्र स्थल पर पक्का चबूतरा निर्मित पाया गया। इसी दौरान बड़ी संख्या में बाहरी लोगों द्वारा संगठित रूप से निहत्थे ग्रामीणों पर हमला किया गया, जिसमें लगभग 25 ग्रामीण घायल हुए, जिनमें 11 को गंभीर चोटें आईं। इस दौरान पुलिस द्वारा हमलावरों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई। 18 दिसंबर को स्थिति और अधिक गंभीर हो गई। भीम आर्मी से जुड़े व्हाट्सएप संदेशों एवं वीडियो के माध्यम से भीड़ जुटाने के प्रमाण सामने आए, इसके बावजूद पुलिस अधीक्षक द्वारा कोई निवारण कार्रवाई नहीं की गई।

# रोटेरियन नवीन भावसार बने डिस्ट्रिक गवर्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



रविवार को ओमाया गार्डन में रोटरी डिस्ट्रिक 3261 की वार्षिक डिस्ट्रिक कॉन्फ्रेंस संगम मित्रों का.. का आयोजन किया गया। जिसमें

- 23 मतों के अंतर से प्रतिद्वंदी से शानदार जीत दर्ज की
- 53 वर्षों में पहली बार जगदलपुर से डिस्ट्रिक गवर्नर

डिस्ट्रिक गवर्नर सत्र 2028–29 के लिए निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। जगदलपुर के रोटेरियन नवीन भावसार ने 23 मतों के स्पष्ट अंतर से शानदार जीत दर्ज की। उन्हें कुल 92 मत मिले जबकि प्रतिद्वंदी उम्मीदवार को 69 मत। यह परिणाम रोटरी क्लब जगदलपुर के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। स्थानीय क्लब को 1 दिसंबर 1972 को चार्टर प्राप्त हुआ था। अपने 53 वर्षों के इतिहास में यह पहला अवसर है जब जगदलपुर क्लब का कोई सदस्य डिस्ट्रिक गवर्नर के पद पर निर्वाचित हुआ है। यह उपलब्धि न केवल क्लब, बल्कि पूरे बस्तर अंचल के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। ऐतिहासिक विजय के साथ रो. नवीन भावसार ने डिस्ट्रिक 3261 को सेवा, एकता और उत्कृष्ट नेतृत्व के नए शिखर तक ले जाने के संकल्प को दोहराया। यह डिस्ट्रिक कॉन्फ्रेंस डिस्ट्रिक गवर्नर 2025-26 रो. अमित जयसवाल के कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसका होस्ट धमतरी रहा, जबकि रायपुर, भिलाई एवं जगदलपुर के सभी क्लबों ने कोहोस्ट के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई। क्लब के पदाधिकारी में अध्यक्ष रो. राहुल जैन, सचिव रो. अमरदीप सिंह सोढ़ी, असिस्टेंट गवर्नर रो. कमल सेठी है। रोटरी डिस्ट्रिक 3261 का कार्यक्षेत्र अत्यंत व्यापक है, जिसमें पूरा छत्तीसगढ़ राज्य, ओडिशा का पश्चिमी भाग तथा मध्यप्रदेश का महाकौशल क्षेत्र शामिल है। डिस्ट्रिक में वर्तमान में 99 सक्रिय क्लब हैं और 3,500 से अधिक सदस्य सेवा कार्यों से जुड़े हुए हैं। उल्लेखनीय है कि इस डिस्ट्रिक कॉन्फ्रेंस में डिस्ट्रिक के 3,500 से अधिक सदस्यों में से 1,200 से अधिक रोटेरियनों ने सहभागिता दर्ज कराई, जो कॉन्फ्रेंस की ऐतिहासिक सफलता को दर्शाता है।

# नक्सलियों का डंप विस्फोटक और आईईडी किया बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के करेंगुट्टा हिल्स के डोलीगुट्टा चोटी और ताड़पाला घाटी क्षेत्र के दुर्गम जंगलों में चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान माओवादियों का एक बड़ा डंप सुरक्षाबलों ने बरामद किया है। इस डंप को जमीन के अंदर छुपाकर रखा गया था। इस संयुक्त कार्रवाई में जिला बल, कोबरा 204 और सीआरपीएफ 196 की टीम शामिल रही। संयुक्त टीम को ऑपरेशन के दौरान उसूर में माओवादियों के बड़े डंप के अलावा करेर्गुट्टा हिल्स के डोलीगुट्टा में प्रेशर आईईडी भी बरामद कर डिफ्यूज किया गया है। कार्रवाई में जिला बल, कोबरा 204 और सीआरपीएफ 196 की टीम शामिल रही। बीजापुर एसपी डॉ. जितेंद्र यादव ने बताया कि सुरक्षा बलों को सघन तलाशी के दौरान उसूर अंतर्गत एफओबी ताड़पाला घाटी क्षेत्र के जंगलों में माओवादियों का एक बड़ा डंप बरामद हुआ है। इस डंप में हथियारों की मरम्मत में उपयोग आने वाले भारी उपकरण, बीजीएल सेल निर्माण की सामग्री, बीजीएल टेल, स्टील प्लेट, स्क्रू ड्राइवर, हैक्सा ब्लेड, प्लायर सहित अन्य तकनीकी उपकरण बड़ी मात्रा में मिले हैं। करेर्गुट्टा हिल्स के डोलीगुट्टा चोटी इलाके में माओवादियों के लगाए 2 प्रेशर आईईडी बरामद किया गया। जवानों द्वारा सतर्कता दिखाते हुए कोबरा 204 की बम निरोधक दस्ता को मौके पर बुलाया गया। जिसने दोनों बम को मौके पर ही डिफ्यूज कर दिया।

# साम्प्रदायिक दंगा भड़काने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांकेर जिला विकासखण्ड अंतागढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम आमाबेड़ा और बड़ेदेवड़ा में 18 दिसंबर को हुए साम्प्रदायिक दंगा भड़काने और तीन चर्च को तोड़कर आग लगाने वाले एवं सरपंच राजमन सलाम के घर में आग

- सरपंच के घर में आग लगाकर 4.50 लाख की लूट करने पर की निष्पक्ष जांच

लगाकर घर रखे गए 4.50 लाख रुपए की लूट करने वालो पर निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए। उक्त बातें मंगलवार को अयोजित प्रेसवार्ता में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुयल कुमार नाग एवं संभागीय पदाधिकारी सुभाष मेश्राम ने कही।

उन्होंने कहा कि जब स्व. चमराराम सलाम जो आदिवासी रूढ़ी प्रथा को मानते थे, जिनका किसी भी तरह से ईसाई समुदाय से कोई आस्था नहीं थी, जिनकी मृत्यु उपरान्त उनके पांच पुत्रों में से एक पुत्र राजमन सलाम ने सर्व आदिवासी समाज के बड़े पदाधिकारियों से बात की। सर्व आदिवासी समाज द्वारा शव को अपने निजी भूमि बाड़ी में आदिवासी रीति से दफन करने के लिए अनुमति मांगी गई। समाज प्रमुखों का कहना था कि हम किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाएंगे अपने गांव के ही मांझी, पटेल और ग्रामीण लोगों को बुलाकर आदिवासी रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार कर लो, उसके बाद 16 दिसंबर को ग्रामीण और परिवार के लोगों की उपस्थिति में शव को दफन कर अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के चार पुत्र रूढ़प्रिथा आदिवासी संस्कृति को मानते हैं, लेकिन ग्रामीणों को भड़काकर और आसपास के लोगों को लेकर 17 दिसंबर को कब्र खोदकर शव को निकालकर कहीं और ले जाने की जिद पर अड़ गए। पुलिस प्रशासन और कांकेर डिप्टी कलेक्टर द्वारा मना किया गया तो ग्राम के सुकडूराम मांचले हारा हुआ सरपंच प्रत्याशी, रवि मण्डावी, श्यामसिंग सर्फ उप सरपंच, हिराउराम सलाम पटेल जो अपने साथ 500 से 600 ग्रामीणों के साथ आए थे और दुखी परिवार के साथ मारपीट करने लगे। उसके बाद 18 दिसंबर को पुलिस प्रशासन द्वारा धारा 144 लागू कर दी गई थी, उसके बाद भी आमाबेड़ा पंचायत में 1500 से 2000 लोग उपस्थित होकर आमसभा लगाई गई। जिसमें कब्र से शव को खोदकर किसी अन्य स्थान पर ले जाने का दबाव बनाया गया।



### मामले में राजनीति का एक बहुत बड़ा हाथ

भीम आर्मी संगठन को ऐसा प्रतीत हुआ कि कांकेर जिला प्रशासन कानून व्यवस्था लागू करने से रोकने में स्थानीय राजनीति का एक बहुत बड़ा हाथ है, जिसमें कई ऐसे बाहरी संगठन जो लगातार आदिवासी भाई-बहनों को भड़काकर अपने ही आदिवासी भाईयों से लड़ा रहे है, यह संगठन कुछ वर्षो से ही हमारे बस्तर संभाग के अंदर काम कर रहा है और लगातार आदिवासी बनाम ईसाई जैसे भड़काऊ भाषण देकर आदिवासियों को आपस में लड़ा रहे हैं।

# सर्वसमाज के बंद को चेम्बर ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर चेम्बर आफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की मंगलवार को कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्व समाज छत्तीसगढ़ से प्राप्त पत्र जिसमें कांकेर जिला के आमाबेड़ा में मिशनरियों द्वारा स्थानीय जनजातीय समाज पर हुए योजनापूर्वक हमलों स्थानीय प्रशासकीय अधिकारियों के भेदभाव रवैये और पूरे प्रदेश में प्रलोभन और धोखे से हो रहे धर्मान्तरण की घटनाओं के विरोध में सर्व समाज द्वारा 24 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ बंद के आव्हान को चेम्बर पूर्ण समर्थन करती है। इस बंद को आवश्यक सेवा से दूर रखा गया है। बैठक में अध्यक्ष श्याम सोमानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल बोथरा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कमल सेठी महामंत्री नवरतन जलोटा, उपाध्यक्ष राजकुमार दण्डवानी, मंत्री गजेन्द्र चांडक, दीपक भानुशाली, श्रीपाल तातेड़ कोषाध्यक्ष एम. श्रीधर राव मद्दी, जूनियर चेम्बर अध्यक्ष निशांत नाहटा, सचिव देवेश सोनी, पंकज सिंघल, सुभाष राय, विपिन जोबनपुत्रा, शिवनारायण चांडक, शिखर मालू, मोहर झा, सुनील दण्डवानी, प्रमोद मोतीवाला, रामचंद गुप्ता, चन्द्रेश चांडक, प्रकाश बुरड़, जुगतमल चांडक, विवेक जैन, दीपक खत्री, सुरज कश्यप, लक्ष्मण सिंह राजपुरोहित, मनोज मूलचंदानी अन्य सदस्य उपस्थित थे।

- छत्तीसगढ़ बंद के आव्हान का बस्तर में भी रहेगा असर

# मध्यप्रदेश की शराब खपाने से पहले धरा गया तस्कर, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आबकारी विभाग ने जिले के चितापुर में रेड कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में मध्यप्रदेश निर्मित विलायती शराब जब्त किया है। शराब की अनुमानित कीमत 3.25 लाख रूपए आंका गया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

- 3.25 लाख की अवैध विलायती शराब गोवा जब्त
- आबकारी की टीम ने चितापुर में रेड मारकर की कार्रवाई

अवैध शराब डंप किए जाने की सूचना पर जिला आबकारी अधिकारी अमन सिंह के निर्देश पर आबकारी उप निरीक्षक मनोज कुमार यादव, अंकित सिंह राठौर व मुकेश कोरी की अगुवाई में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा ग्राम चितापुर में सोनारू पिता भागरथी के मकान में छापेमार कार्रवाई करते हुए मकान के किचन से लगे कमरे में रखा 50 कार्टून रखा 2 हजार 5 सौ बाटल शराब जब्त किया गया। जांच में पता लगा कि जब्त गोवा स्प्रिंट ऑफ स्मूथनेस ब्राण्ड का मध्यप्रदेश प्रान्त में निर्मित व विक्रय नॉन ड्यूटी पेड विदेशी मदिरा व्हिस्की मात्रा 450 बल्क लीटर बस्तर में खपाने की साजिश थी। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क), 34(2), 36, 59-क के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 3 लाख 25 हजार रूपए आंकी गई है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मनोज कुमार यादव, अंकित सिंह राठौर व मुकेश कोरी के अलावा मुख्य आरक्षक शिवप्रसाद सिन्हा, श्यामसुंदर केशरी, आरक्षक शैलेष पाण्डेय एवं कोमल यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला आबकारी अधिकारी अमन सिंह ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है जो आगे भी जारी रहेगी।




# कांकेर की घटना पर बंद सही लेकिन कारण गलत : अमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने कांकेर जिले के अमामुड़ा (बड़े तिवड़ा) गांव में घटित घटना को शर्मनाक, अमानवीय और असंवैधानिक करार दिया है। पार्टी का मत है कि इस घटना के विरोध में राज्यव्यापी बंद नैतिक रूप से सही है, लेकिन जिस कारण से बंद का आह्वान किया गया है, वह पूरी तरह गलत और भ्रामक है।

पार्टी अध्यक्ष अमित जोगी ने जारी बयान में कहा कि अमामुड़ा (बड़े तिवड़ा) में जो हुआ वह केवल एक गांव की घटना नहीं है। यह छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश की सामूहिक चेतना को झकझोर देने वाला कृत्य है। समाज में एक पुरानी कहावत है गड़े मुर्दे नहीं उखाड़े जाते। लेकिन इस गांव में एक मृत व्यक्ति की कब्र को खोदकर उसकी देह को बाहर निकाला गया जो किसी भी सभ्य समाज में अकल्पनीय है।

अमित जोगी व बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने स्पष्ट किया कि भारत के हर नागरिक को अपने धर्म और विश्वास के अनुसार सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार या दफन का संवैधानिक अधिकार है।

उन्होंने कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान में किसी भी सरकार या सत्ता को यह अधिकार नहीं दिया गया है कि वह किसी मृत व्यक्ति की गरिमा को ठेस पहुंचाए या उसके परिवार से अंतिम संस्कार, दफन का अधिकार छीन ले। सयुंक्त रूप से कहा हम बंद का समर्थन करते है, लेकिन इसलिए नहीं कि दफनाया जाना गलत था, बल्कि इसलिए कि दफनाने का अधिकार छीना गया यही असली मुद्दा है।




### दफनाने का अधिकार छीना गया, यही असली मुद्दा है

## खबर संक्षेप



### चेंबर पदाधिकारियों को सम्मानित कर मांग से संबंधित सौंपा ज्ञापन

**भानुप्रतापपुर।** चेंबर ऑफ कॉमर्स भानुप्रतापपुर व्यापारियों द्वारा पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। व्यापार संबंधी भी चर्चाएं भी हुईं। ज्वलंत मांग से अवगत कराकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए ज्ञापन सौंपा गया। जिसे अध्यक्ष के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को चेंबर की तरफ से लेटर भेजने का की बात कही गई है। चेंबर ऑफ कॉमर्स भानुप्रतापपुर व्यापारियों द्वारा अध्यक्ष सतीश थोरानी, कार्यकारी अध्यक्ष आरके सुंदरानी, कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया, चेतन तरवानी से मुलाकात कर चेंबर के सदस्यों को भानुप्रतापपुर आने का निमंत्रण दिया गया, जिसे चेंबर सदस्यों ने स्वीकारा किया और बहुत जल्द भानुप्रतापपुर आने की बात कही।

### दुर्गुकोंदल में 210 परिवारों को मिला पक्का आशियाना



**दुर्गुकोंदल।** प्रदेश में 22 दिसंबर को एतिहासिक सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेशभर में निर्मित नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवासों में हितग्राहियों का प्रतीकात्मक रूप से गृह प्रवेश कराया गया। विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत कुल 210 पक्के आवासों का निर्माण पूर्ण हुआ है। विकासखण्ड दुर्गुकोंदल की सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जनपद सदस्यों, सरपंचों, समाज प्रमुखों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ सुरेंद्र बंजारे, एडीशनल सीईओ आरडी ठाकुर, तकनीकी सहायक अंकुर बघेल, सरपंच अनूपा कोवाची, वार्ड पंच, सचिव रामप्रसाद दुग्गा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### व्यापारी कल्याण संघ का मिला पूर्ण समर्थन

**दुर्गुकोंदल।** जिले के आमाबेड़ा क्षेत्र में घटित घटनाक्रम के संदर्भ में धर्मांतरण के कथित हिंसक विरोध एवं प्रशासनिक भेदभाव के खिलाफ सर्व समाज छत्तीसगढ़ द्वारा 24 दिसंबर बुधवार को आहूत छत्तीसगढ़ बंद को व्यापारी कल्याण संघ दुर्गुकोंदल ने एतिहासिक एवं पूर्ण समर्थन प्रदान करने का निर्णय लिया है। संघ के अध्यक्ष मुन्ना सिन्हा, उपाध्यक्ष शिवभुवन सिंह कोषाध्यक्ष विनोद पारख सहसचिव गेंदालाल लावते ने बताया कि समाज में शांति, समरसता एवं न्याय की भावना बनाए रखने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में सर्व समाज द्वारा किए गए अव्हान का समर्थन करते हुए दुर्गुकोंदल के व्यापारी प्रतिष्ठान 24 दिसंबर को पूर्ण रूप से बंद रहेंगे।

### पुजारीपारा में 26 को मनाया जाएगा शक्ति दिवस

**दुर्गुकोंदल।** अखिल भारतीय हलबा समाज पुजारीपारा के तत्वाधान में शक्ति दिवस का आयोजन 26 दिसंबर को भव्य रूप से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम समाज की शक्ति, एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 7 बजे झंडा-कलश यात्रा, 8 बजे ध्वजारोहण, 8:30 बजे मां दंतेश्वरी की आरती व पूजा-अर्चना तथा 9 बजे से अतिथियों का आगमन एवं स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात सुबह 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक मंचीय कार्यक्रम आयोजित होंगे ।

### जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में 92 फीसदी मतदान

जगदलपुर। बस्तर जिला अधिवक्ता संघ का प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव मंगलवार को संपन्न हुआ। अधिवक्ताओं में बार का नेतृत्व चुनने के प्रति खासा उत्साह देखा गया। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष समेत अन्य पदों के लिए संघ के 460 मतदाताओं में 428 ने मताधिकार का उपयोग किया।

---

**आयोजन:** कलेक्टर व विधायक ने ली शांति समिति की बैठक

# बंद के दौरान शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए रखने का आव्हान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

- सोशल मीडिया में अफवाहों व अपुष्ट खबरों को ना करें फॉरवर्ड

आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कांकेर मेला, नववर्ष एवं त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए 23 दिसंबर को कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता तथा कांकेर विधायक आशाराम नेताम की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान 24 दिसंबर को सर्व समाज द्वारा प्रस्तावित बंद को दृष्टिगत रखते हुए जिले में शांति व्यवस्था व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए रखने का आव्हान कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से किया।



आयोजित बैठक में कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि जिला में पूर्व की भांति शांति व्यवस्था बनी रहें, इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ नागरिकों को भी समन्वित एवं साझा प्रयास करना होगा। विधायक ने आव्हान करते हुए कहा कि प्रस्तावित बंद के दौरान के जिले में शांति का वातावरण बनाए रखें। साथ ही आगामी माह जनवरी में आयोजित होने वाले कांकेर मेला के दौरान साफ-सफाई एवं यातायात को सुव्यवस्थित करने के लिए विशेष तौर पर जोर दिया। बैठक में कलेक्टर ने जिले में प्रस्तावित बंद के दौरान सभी वर्गों से शांति एवं संयम बरतने व सकारात्मक वातावरण बनाए रखने की भी बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की अपुष्ट खबरें अथवा भ्रामक व अफवाहों की जानकारी मिलने पर उसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बिना पुष्टि के आगे फारवर्ड नहीं करें तथा उसकी जानकारी तत्काल पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को दी जाएं। बैठक के अंत में कलेक्टर ने नववर्ष 2026, त्यौहार एवं कांकेर मेला को सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने का अनुरोध किया। शांति समिति की बैठक को नगरपालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष अरूण कौशिक, महेश जैन एवं सुनील गोस्वामी ने भी संबोधित किया एवं अपने विचार रखें। इसके अलावा विभिन्न समाज के पदाधिकारियों द्वारा भी विचार साझा किया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष तारा ठाकुर सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा एवं सर्व समाज के प्रमुख व सामाजिक पदाधिकारी व मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

---

## जपं कोयलीबेड़ा में 136 परिवारों को मिली पक्के मकान की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजुर

- उत्साह के साथ मनाया गया गृह प्रवेश उत्सव



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आज जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के 136 परिवारों का अपने पक्के घर का सपना साकार हो गया। जांजगीर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री की उपस्थिति में प्रदेश के 51 हजार आवासों के सामूहिक गृह प्रवेश के साथ ही, कोयलीबेड़ा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी भव्य आयोजन किए गए।

जनपद की ग्राम पंचायतों में उत्सव जैसा माहौल देखा गया। हितग्राहियों ने अपने नए घरों के मुख्य द्वार पर रंगोली सजाई और वंदनवार बांधकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गृह प्रवेश किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मौजूदगी में पूजा-अर्चना संपन्न हुई। कच्चे और असुरक्षित मकानों में रहने वाले 136 परिवारों के लिए यह दिन खुशियों की सौगात लेकर आया। शासन की इस पहल से अब इन परिवारों को सुरक्षित और सुविधायुक्त पक्का घर मिल गया है। हितग्राहियों ने कहा कि पक्का मकान मिलने से उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा और परिवार को नई सुरक्षा मिलेगी।

### सबने किया सहयोग

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा उदय प्रकाश नाग ने बताया कि आवास मित्रों ने तकनीकी मार्गदर्शन देकर समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण कराने में महत्वपूर्ण सहयोग किया।

---

## किसान दिवस पर कृषि विज्ञान केन्द्र में हुआ आयोजन, किसानों को किया गया जागरूक



**कांकेर।** देश के 5 वें प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर 23 दिसंबर को किसान दिवस के रूप में मनाया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत किसान दिवस विकसित भारत-जी राम जी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा ऑन लाइन माध्यम से संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि आज महत्वपूर्ण दिवस है। किसान का मतलब पूरे देशवासियों का अन्नदाता होता है। जी राम जी योजना के तहत 125 दिन की रोजगार की गारंटी ग्रामीणों को शसक्त करेगी। दिनेश सिंहा के द्वारा स्व. चौधरी चरण सिंह के जीवन में किसान के हित एवं कृषि सुधार के लिए किए गए अनवरत संघर्ष, प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में किए गए किसान हितैषी कार्यों पर संक्षिप्त वर्णन किया गया। केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. कोमल सिंह केराम द्वारा मृदा परीक्षण की विस्तृत जानकारी किसानों को प्रदान की गई। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीरबल साहू द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा पारित विकसित भारत-जी राम जी योजना की संक्षिप्त जानकारी प्रदान करने हुए बताया कि मनरेगा का नाम परिवर्तित कर योजना में कुल कार्य दिवस की संख्या को बढ़ाकर 125 दिन के रोजगार की गारंटी सरकार द्वारा दी गई है। साथ ही नियमित भुगतान एवं आजीविका मूलक कार्य आदि अन्य सुविधायें ग्रामीणों के लिए इस योजना में सम्मिलित किए गए हैं।

## उत्कृष्ट सामाजिक कार्यकर्ताओं व मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान



**कांकेर।** एंबीशन ग्रुप का वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की बात इस वर्ष भी जिले की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इसके अंतर्गत उत्कृष्ट सामाजिक कार्यकर्ता, मेधावी छात्र एवं छात्राएं जो कक्षा आठवीं, दसवीं व बारहवीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें एंबीशन ग्रुप के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया।

उत्कृष्ट सामाजिक कार्यकर्ताओं में जिले भर से नामांकन लिया गया था, जिसमें अमृतलाल मौर्य, दयाल दास भारद्वाज, राजकुमार डहरे, मनेंद्र ढीढी, अनिल मौर्य, रेशम लाल वारे, डॉ स्वामी राम बंजारे, एडी बारले, डीडी जांगड़े, घनश्याम नोर्गे, सुरेश बंजारे, मनोज डहरिया को उत्कृष्ट सामाजिक कार्यकर्ता सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जिला के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं में तृप्ति चेलक, फमेश्वरी खेलन, विप्रा गोयल, सौम्या नोर्गे, आदित्य वारे, समीर दिवाकर को सम्मानित किया गया।

एंबीशन ग्रुप के फाउंडर लक्ष्मण नीता रात्रे के द्वारा समाज के ऊर्जावान कार्यकर्ता एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को को सम्मानित कर समाज में प्रेरणा के श्रोत बन गए है। यह अनूठी पहल करने से अन्य छात्र छात्राओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं में नवीन ऊर्जा का संचार हो रहा है।

## एकता, अनुशासन और समर्पण की भावना से चुनाव की तैयारी करने की कही गई बात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

- भाजपा की संगठनात्मक बैठक शताब्दी पाण्डे ने ली



भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी की मजबूती, संगठन की एकता, अनुशासन और समर्पण पर बल दिया गया।

बैठक के दौरान प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पाण्डे ने संगठन की एकता, अनुशासन और समर्पण पर बल देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। संगठन एकजुट होकर कार्य करता है, तभी लक्ष्य प्राप्ति संभव होती है। सांसद भोजराज नाग ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर आगामी चुनाव की तैयारी में जुट जाना है और केंद्र व राज्य सरकार कि जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने का आह्वान किया। वरिष्ठ नेता गौतम उइके ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका और निरंतर संपर्क अभियान पर प्रकाश डाला। सभा में अमित शाह द्वारा संसद भवन में दिए गए सशक्त एवं प्रेरणादायक भाषण को भी सुना गया।

कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष महेश जैन जिला महामंत्री भाजपा राजा पाण्डेय जिला महामंत्री भाजपा जितेंद्र मरकाम, मंडल अध्यक्ष भाजपा डिगेश खापर्डे, महामंत्री राजीव श्रीवास, गिरधारी लाल नरेटी, जिलापंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी रीना चंद्र, उमेश बंजारे, सुनीता यादव, सरिता वर्मा, प्रमिला शोरी, संतोष देवांगन, रमेश कुमार, संजय साहू, प्रकाश नेताम, मोहन मरकाम, कविता नेताम, सुरेश कुमार, दिनेश कश्यप, ममता चंद्रोल, अशोक पटेल, विजय सिंह, रमेश सोनी, लता मरकाम, अनिल मिश्रा, राजनंदन शर्मा, दीपक यादव, रेखा साहू, गणेश मरकाम, उर्मिला नेताम, देवेंद्र कुमार, हेमंत वर्मा, संदीप जैन, मनोज पटेल व अन्य उपस्थित रहे।

## नरहरपुर के देव मेला का हुआ भव्य आगाज

**सरोना।** जिले के नरहरपुर में वार्षिक देव मेले का भव्य शुभारंभ हो गया है। बस्तर के प्रवेश द्वार कहे जाने वाले इस ऐतिहासिक नगर में आस्था, परंपरा और उल्लास का ऐसा त्रिवेणी संगम देखने को मिल रहा है, जिसमें न केवल नरहरपुर बल्कि आसपास के लगभग 30 गांवों के हजारों ग्रामीण शिरकत कर रहे हैं।

तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले के पहले दिन से ही नगर के मेले मे देव परिक्रमा पारंपरिक बाजों की धुन से गूँज उठी हैं। लाखों की संख्या में उमड़ी भीड़ देवी-देवताओं के दर्शन के लिए आतुर दिखी। नगर के प्रमुख देव स्थलों पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा, जहाँ लोग फूल-माला लेकर अपनी अर्जी लगाने पहुँच रहे हैं। नगर के महाकाली मंदिर के पुजारी विनोद साहू ने बताया कि इस वर्ष बड़ी संख्या में ऐसे श्रद्धालु पहुँच रहे हैं, जिनकी मनोकामनाएं और पुरानी अर्जियां पूरी हुई हैं। पुजारी के निवास पर भी भक्ति का अनूठा दृश्य देखने को मिला, जहाँ बाजे की धुन पर देवी-देवता झूमते और नृत्य करते नजर आए। इस आध्यात्मिक दृश्य ने वहां मौजूद सैकड़ों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



**धार्मिक अनुष्ठान के साथ व्यापार भी :** धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ मेले में व्यापारिक रौनक भी अपने चरम पर है। बच्चों और बड़ों के लिए विभिन्न प्रकार के बड़े झूले, कपड़ों की सैकड़ों दुकानें, घरेलू बर्तन और श्रृंगार प्रसाधन के स्टॉ, होटलों में स्थानीय व्यंजनों का लुत्फ उठाते लोग, हजारों की संख्या में ग्रामीण अपनी साल भर की जरूरत के सामानों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। दूर-दराज से आए व्यापारियों का कहना है कि भारी भीड़ के कारण इस बार व्यापार काफी अच्छा होने की उम्मीद है।

## महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण कोर्स का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंतागढ़

- 30 दिनों तक सिखाया जाएगा

महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल के अंतर्गत 23 दिसंबर को 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के अंतर्गत सीओबी कोसोरंडा में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कोर्स का शुभारंभ किया गया।



प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से कोसोरंडा, सावलीवरस, रेखाबाट, हुरतुरई, पत्कलबेड़ा, ताड़ोकी एवं तुमापाल ग्रामों से चयनित कुल 30 महिलाओं को सिलाई संबंधी व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे वे कौशल विकास के साथ-साथ स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। यह पहल महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, आत्मविश्वास में वृद्धि तथा सामाजिक उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कमांडेंट ने प्रशिक्षणार्थी महिलाओं से कहा कि इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाते हैं, बल्कि उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठाने एवं प्राप्त कौशल को व्यवहार में लाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम वाहिनी कमांडेंट अरुण देवगम प्रेरणादायी नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में 28 वीं वाहिनी के अधिकारियों एवं बलकर्मियों की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका रही। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही स्थानीय महिलाओं ने इस पहल के लिए सशस्त्र सीमा बल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया।

---

**गणितज्ञ श्रीनिवास रामजुनम के जन्मदिन पर आयोजन**

# गणित की उपयोगिता बताते छात्र- छात्राओं को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। गणित दिवस पर बच्चों ने उल्टी गिनती, पहाड़ा, सीधी गिनती, गणित पहेली, भाषण,रंगोली, चित्रकला, गणित मॉडल तात्कालिक भाषण, प्रश्न मंच, गणित चार्ट, जैसे विविध प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।



मुख्य अतिथि शासकीय महाविद्यालय गणित के सहायक प्राध्यापक जीवन लाल साहू द्वारा दीप प्रज्वलन, पूजा अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि गणित का महत्व और उपयोगिता हमारे दैनिक जीवन में बहुत होती है। हर एक क्षण में गणित की उपयोगिता को बताते हुए उसको आनंद के साथ सीखने के लिए प्रेरित किया। हर सोच विचार गतिविधि के पीछे गणित का समावेश होता है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि शून्य से लेकर अनंत तक अनसुलझे रहस्य को ढूंढ निकालने में गणित का विशेष योगदान है, श्रीनिवास रामानुजन के योगदान को याद करते हुए बच्चों को जानकारी देते हुए गणित के प्रति अपनी रुचि जागृत करने के लिए प्रेरित किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान माध्यमिक वर्ग से सारिका शर्मा, द्वितीय दीपक दुग्गा, हायर सेकेंडरी विभाग में प्रथम स्थान वंदना शिंदे, द्वितीय भावना कुमेटी, चित्रकला प्राथमिक विभाग प्रथम स्थान मेघना भुआर्य, द्वितीय खुशबू राणा, माध्यमिक विभाग प्रथम दक्ष सलाम, द्वितीय चंद्रिका दास, हायर सेकेंडरी विभाग प्रथम तृप्ति यादव, रंगोली प्रतियोगिता प्राथमिक विभाग प्रथम स्थान योग्या कुंजाम, द्वितीय अंबिका ओसारे, ऋचा सिन्हा माध्यमिक विभाग प्रथम स्थान मन्नत पाण्डेय, द्वितीय श्रेया आलिया, हायर सेकेंडरी विभाग प्रथम स्थान कुसुम नाग, द्वितीय संजना सिन्हा, उल्टी गिनती प्रथम श्रेयांश दास, द्वितीय नैतिक, गणित मॉडल हायर सेकेंडरी प्रथम स्थान योगेश सोनम एवं ग्रुप द्वितीय स्थान प्रतिभा, नवदीप, कल्पना यदु एवं ग्रुप पुर्व माध्यमिक विभाग प्रथम स्थान मयूरेश केंवट एवं द्वितीय अविनाश, विवान ग्रुप गणित चार्ट प्राथमिक विभाग प्रथम स्थान आकृति साहू,अर्णव साहू द्वितीय आस्था, तनीषा माध्यमिक विभाग प्रथम स्थान हरीश यादव, द्वितीय समर्थ दास रहे।

### इनकी रही मौजूदगी

आयोजित कार्यक्रम में पीजी कालेज के लैब टेक्नीशियन गिरधारी लाल सिंहा, मनसुख लाल मिश्रा, संस्था के प्राचार्य थानू राम सिंहा, गणित के व्याख्याता सियाराम यादव एवं उनके सहयोगी ईशा सलाम, रश्मि साहू, तारा सिंहा, रश्मि सुनीता साहू, बिशंतीन बसेरा, सरला साहू, भावना सिन्हा, प्रमोद कुमार साहू, उमा यादव, मनमोहन साहू, आशुतोष विश्वकर्मा, प्रियंका सिंह चौहान, संजय दास, शकुंतला सिंह, श्रीराम नायक, मनीष पुरामे एवं सभी आचार्य गण उपस्थित रहे।

## सांसद व विधायक ने पलाचूर जलाशय जीर्णोद्धार कार्य का किया भूमिपूजन



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पलाचूर में पलाचूर जलाशय के जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत भूमिपूजन 23 दिसंबर को किया गया। क्षेत्र के किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरा होने पर हर्ष का माहौल देखने को मिला।

विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि पलाचूर जलाशय की जलभराव क्षमता बढ़ाने की मांग क्षेत्र के किसान लंबे समय से कर रहे थे। किसानों की इस आवश्यकता को समझते हुए लगातार प्रयास किए गए, जिसका परिणाम आज सामने है। जलाशय के जीर्णोद्धार कार्य के पूर्ण होने के बाद लगभग 1300 एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इससे क्षेत्र में कृषि उत्पादन बढ़ेगा और किसानों को दोहरी फसल लेने का व्यापक अवसर मिलेगा। सांसद भोजराज नाग ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की मंशा है कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। दुर्गुकोंदल ब्लॉक एक पिछड़ा क्षेत्र रहा है, लेकिन आने वाले समय में इसे विकसित क्षेत्र बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। सांसद ने यह भी आश्वस्त किया कि पलाचूर जलाशय को भविष्य में प्राकृतिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। अंत में सभी अतिथियों ने पलाचूर जलाशय के जीर्णोद्धार कार्य को क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए इसे किसानों की समृद्धि की दिशा में एक मजबूत कदम बताया।